दिनांकः 31.10.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की डेढ़ सौवीं जयंती पर आज कृतज्ञ राष्ट्र ने उन्हें नमन किया–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से एकजुट होकर राष्ट्र की प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की अपील कीं
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए प्राथमिकता से काम करने को कहां
- राज्य सरकार ने बाढ़ और भारी बारिश से क्षतिग्रस्त सरकारी संपत्तियों की मरम्मत के लिए 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि को मंजूरी दीं
- राजस्थान बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने आज रात 12 बजे से सभी स्लीपर बसों का संचालन बंद करने का ऐलान कियां

000

लौहपुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की डेढ सौवीं जयंती के मौके पर आज कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें नमन कर रहा हैं देश को एकीकृत करने मे सरदार पटेल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाईं वे देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री थें
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से एकजुट होकर राष्ट्र की प्रगति के लिए खुद को समर्पित करने की अपील कीं श्री मोदी ने कहा कि इससे विकसित भारत का सपना साकार होगां सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर गुजरात स्थित केवड़िया के एकता नगर में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने ये बात कहीं श्री मोदी ने कहा कि सरदार पटेल के लिए एक भारत–श्रेष्ठ भारत का विचार सर्वोपरि थां

...............

राज्य में भी सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम हुएं इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गांधी सर्किल से अमर जवान ज्योति तक लगभग 3 किलोमीटर पैदल मार्च कियां उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की तरह युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिएं श्री शर्मा ने कहा कि युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध हैं पिछले दो वर्षों में 91 हज़ार से अधिक सरकारी नौकरियाँ दी गई हैं और डेढ़ लाख से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी हैं

विभिन्न जिलों में भी रन फॉर युनिटी आयोजित की गई जिनमें बड़ी संख्या में आम लोगों ने भाग लेकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दियां केन्द्रीय संचार ब्यूरो कोटा की ओर से बूंदी शहर में लगाई गई दो दिन की मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का आज समापन हुआं

000

राष्ट्र आज पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर याद कर रहा हैं कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने नई दिल्ली स्थित शक्ति स्थल पर इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित कीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित कीं सोशल मीडिया पोस्ट में श्री खरगे ने कहा कि इंदिरा गांधी ने राष्ट्र की सेवा और उसकी अखंडता की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिएं इस अवसर पर जयपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा और कांग्रेस नेताओं ने इन्दिरा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दीं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आर्य समाज ने देश के स्वतंत्रता आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं उन्होंने कहा कि आर्य समाज से प्रेरणा लेकर अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने आप को आजादी के लिए समर्पित कर दियां

आज नई दिल्ली में अन्तर्राष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि आर्य समाज एक ऐसा संगठन है कि जो निर्भीक होकर भारतीयता की बात करता हैं प्रधानमंत्री ने स्वामी दयानंद सरस्वती को श्रद्धांजलि अर्पित कीं

...............

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में आज राज्य सैनिक बोर्ड की बैठक आयोजित हुईं राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए लंबित निर्णयों पर जल्द कार्रवाई के निर्देश दिएं उन्होंने पूर्व सैनिकों के लिए जयपुर में वृद्धाश्रम और जोधपुर में एकीकृत परिसर, साथ ही बलिदानी योद्धाओं के नाम पर विद्यालय और सार्वजनिक स्थलों के नामकरण की नीति को सैद्धांतिक मंजूरी दीं इसके अलावा, राजगढ़, चूरू में सैनिक कल्याण कार्यालय की स्थापना को भी सहमति दी गई हैं

इस अवसर पर राज्यपाल ने पूर्व सैनिकों और आश्रितों के लिए कल्याणकारी योजनाओं के ऑटोमेशन के वास्ते 'सैनिक वेलफेयर पोर्टल' और 'सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म' का भी शुभारंभ कियां

000

जैसलमेर और गुजरात से लगते भारत—पाक अंतर्राष्ट्रीय सीमा क्षेत्रों में देश की तीनों सेनाओं का युद्धाभ्यास त्रिशूल जारी हैं नौसेना परिचालन महानिदेशक वाइस एडमिरल ए.एन. प्रमोद ने नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि यह अभ्यास अगले महीने की 13 तारीख तक चलेगां

उन्होंने कहा कि इस अभ्यास में भारतीय सेना की दक्षिणी कमान, नौसेना की पश्चिमी कमान, वायु सेना की दक्षिण—पश्चिमी कमान तथा तट रक्षक, सीमा सुरक्षा बल और अन्य केन्द्रीय एजेंसियां भाग ले रही हैं वाइस एडमिरल प्रमोद ने कहा कि इस अभ्यास का उद्देश्य समुद्री बलों और अन्य रक्षा बलों के बीच तालमेल बढ़ाना हैं

000

राज्य सरकार ने बाढ़ और भारी बारिश से क्षतिग्रस्त सरकारी संपत्तियों की मरम्मत के लिए 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि को मंज़ूरी दी हैं इस राशि से प्रदेश के 41 ज़िलों में 14 हज़ार से अधिक सड़कें सुधारी जाएंगीं साथ ही 7 हजार 900 आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत की जाएगीं शिक्षा विभाग की परिसंपत्तियों के लिए 487 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं जयपुर ज़िले को 60 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति मिली हैं

000

बारां ज़िले के अंता विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रचार ज़ोरों पर हैं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ दो दिन के प्रवास पर बारां पहुँचे, जहां वे पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करेंगें श्री राठौड़ मांगरोल में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और मीडिया से भी रूबरू होंगें

000

राजस्थान बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने आज रात 12 बजे से सभी स्लीपर बसों का संचालन बंद करने का ऐलान किया हैं एसोसिएशन के इस फैसले से प्रदेश के विभिन्न शहरों से दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों के बीच संचालित होने वाली करीब 8 हजार बसों का आवागमन रुक जाएगां एसोसिएशन के अध्यक्ष सत्यनारायण साहू ने आकाशवाणी को बताया कि जोधपुर, भीलवाड़ा, उदयपुर और कई शहरों में कल रात से ही स्लीपर बसों का संचालन बंद कर दिया गया थां उन्होंने बताया कि यह हड़ताल परिवहन विभाग की ओर से की जा रही सख्ती के विरोध में हो रही हैं

...............

दूसरी ओर परिवहन विभाग का कहना है कि सुरक्षा नियमों का पालन नही करने वाली बसों के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगीं विभाग के अतिरिक्त आयुक्त ओ.पी. बुनकर ने बताया कि परिवहन नियमों का पालन जरूरी है और यात्रियों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ नही किया जा सकतां

000

रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में सफारी के लिए होने वाली ऑनलाइन बुकिंग प्रणाली को पूरी तरह से डिजिटल कर दिया गया हैं इस नई प्रणाली से पर्यटकों को टिकिट के लिए बुकिंग लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं होगीं घर बैठे ही अपने मोबाइल फोन से ही बुकिंग की जा सकेगीं और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

...............

000

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स–2025 के प्रदेश में होने वाले आयोजन को लेकर आज जयपुर में समीक्षा बैठक हुई इसमें खेल विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज के पवन ने बताया कि इस दौरान देशभर के लगभग 200 विश्वविद्यालयों से 4 हजार से अधिक खिलाड़ी 21 खेल विधाओं में अपना दमखम दिखाएंगें उन्होंने बताया कि जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में 11 खेल प्रतियोगिताएँ रखी जाएंगीं बैठक में जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि खिलाड़ियों की सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए 12 समितियां बनाई गई हैं गौरतलब है कि 'खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 24 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक प्रदेश के संभागीय मुख्यालयों में आयोजित किये जाएंगें

000

कृषि और उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने अधिकारियों को उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी और नकली उर्वरकों पर सख्त अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं आज प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक में डॉ. मीणा ने कहा कि राज्य में डीएपी और यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन इसकी कालाबाजारी और डायवर्जन रोकने के लिए ज़िला अधिकारियों को विशेष ध्यान देना होगां उन्होंने सीमावर्ती ज़िलों में चेकपोस्ट स्थापित करने के भी निर्देश दिएं इसके अलावा, मंत्री ने बीमा कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे बीमा क्लेम में आ रही समस्याओं का जल्द समाधान करें उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा अब तक 6 हज़ार 206 करोड़ रुपये का बीमा क्लेम वितरित किया जा चुका हैं

000